शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो
डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान
13-14, झालाना डूंगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81
E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com
सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

क्रमांक: DrAMWS/2026/GS/073 दिनांक : 24.02.2026

कार्यालय आदेश

डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर के तथाकथित चुनाव दिनांक 04.01.2026 एवं तथाकथित चुनाव परिणाम दिनांक 06.01.2026 को विवादित मानते हुए तथाकथित निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम रजिस्ट्रार संस्थाएं, राजस्थान सरकार, देवनगर, टोंक फाटक, जयपुर द्वारा संधारित नहीं किए गए हैं। सोसायटी के वैधानिक चुनाव दिनांक 10.05.2026 को अधिसूचना अनुसार आयोजित होने की प्रक्रिया जारी है। सामाजिक समझौता दिनांक 16.12.2025 की पालना समझोते के हस्ताक्षर कर्ताओं श्री हनुमान प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष, डॉ भजन लाल रोलन, पूर्व अध्यक्ष, श्री सत्यवीर सिंह एवं अन्य द्वारा नहीं की गई और तत्कालीन अजमेर जिले के 11630 विवादास्पद व्यक्तियों को जिनका पूर्ण सदस्यता शुल्क जमा नहीं हुआ उनको अवैधानिक चुनाव में भाग लेने दिया गया। श्री जेपी विमल को चुनाव अधिकारी के पद से हटाने और श्री छगन बेनीवाल को चुनाव अधिकारी बनाने के आदेश को निरस्त करवाने हेतु श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा माननीय न्यायालय एडीजे 8, जयपुर महानगर प्रथम में मिसलिनीयस अपीले दायर की थी, परन्तु उपरोक्त आदेशों को माननीय न्यायालय में निरस्त नहीं होने पर माननीय न्यायालय से वापस ले ली गई थी।

उपरोक्त सहित अन्य कारणों से श्री जेपी विमल द्वारा करवाए गए चुनाव को पूर्व में ही अवैधानिक घोषित किया जा चुका है।

परंतु तथाकथित चुनाव दिनांक 04.01.2026 द्वारा तथाकथित निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा अवैधानिक रूप से जिला कार्यकारीणियों को भंग करने, नई ज़िला कार्यकारिणीयो के गठन, सोसायटी संविधान में संशोधन हेतु संविधान संशोधन कमेटी गठित करने के अवैधानिक आदेश जारी करने, अवैधानिक रूप से दिनांक 15.03.2026 को आमसभा आयोजित करने के अवैधानिक आदेश जारी करने सहित श्री सत्यवीर सिंह, श्री रामेश्वर प्रसाद बैरवा, डॉ चेतराम रायपुरीया, श्री दयानंद सक्करवाल एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा जारी सभी पत्रों एवं आदेशों को अवैधानिक होने के कारण निरस्त किया जाता है एवं इनके द्वारा किए जा रहे समस्त कार्य शुरू से ही शून्य एवं प्रभावहीन है।

[जसवन्त सम्पतराम, आईपीएस (सेनि)]
अध्यक्ष
9414308305

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. रजिस्ट्रार संस्थाएं, देव नगर, टोंक फाटक, जयपुर ।
2. समस्त सोसायटी सदस्य, प्रेस एवं मीडिया (सोशल मीडिया, वेबसाइट एवं सूचना पट्ट द्वारा)।

महासचिव